तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026

14 वन भूमि के कब्जाधारियों पर विभाग का चला डंडा...

14 साइबर क्राइम से छात्राएं रहें सावधान, 73 ने किया...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

## एक पल की शरण, तीन परिवार को मिला जिंदगी भर का दर्द

# कलगांव में कुसुम पेड़ पर गिरी गाज, नीचे खड़े तीन की मौत, पांच महिलाएं झुलसीं

*बारिश से बचने के लिए जिस पेड़ के नीचे ग्रामीणों ने सुरक्षित आश्रय तलाशा था, वही कुछ क्षणों में मौत का कारण बन गया। अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम कलगांव में कुसुम के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली ने तीन लोगों की जान ले ली और पाँच महिलाओं को घायल कर दिया। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर किन पेड़ों के नीचे बारिश और बिजली कड़कने के दौरान शरण लेना सबसे अधिक खतरनाक होता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारों के अनुसार कुसुम, महुआ, चार (चिरौंजी), सागौन, ताड़, नारियल, पीपल, बरगद, केले, नीम, चीड़ और देवदार जैसे ऊंचे एवं घने वृक्षों पर आकाशीय बिजली गिरने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक रहती है। यह पेड़ आसपास के क्षेत्र में सबसे ऊंचे होने के कारण बिजली को आकर्षित कर सकते हैं। बारिश के दौरान लोग अक्सर इन्हीं पेड़ों के नीचे खड़े होकर बचाव करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यही कदम कई बार जानलेवा साबित हो जाता है। कलगांव में हुए 12 जून की सुबह 7 बजे हुए हादसे में भी मनरेगा कार्य में लगे मजदूर अचानक शुरू हुई बारिश और तेज गर्जना से बचने के लिए कुसुम के पेड़ के नीचे एकत्र हो गए थे। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से उपसरपंच सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**गरज-चमक के दौरान ऊंचे पेड़ों के नीचे रुकना हो सकता है जानलेवा**


कलगांव त्रासदी ने दी चेतावनी

### पेड़ के नीचे रुकना खतरनाक क्यों है?

*पेड़ के नीचे रूकने को लेकर वैज्ञानिक कारण यह है कि जब बिजली किसी पेड़ पर गिरती है, तो वह सीधे जमीन में जाने के बजाय आसपास की हवा में भी फैलती है। अगर आप पेड़ के नीचे खड़े हैं, तो बिजली पेड़ से उछलकर आपके शरीर में आ सकती है। पेड़ पर बिजली गिरने के बाद वह उसकी जड़ों के जरिए जमीन में फैलती है। पेड़ के पास खड़े होने पर जमीन के रास्ते आपको तेज करंट लग सकता है।*

### पीड़ित परिवार में मचा कोहराम

*घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। मृतकों के शवों को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीएम के उपरांत शव को परिजनों को सौंपा गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके घरों में कोहराम मचा हुआ है।*

### कलगांव की घटना से ले सबक और रहे सावधान

*विशेषज्ञों का कहना है कि गरज-चमक के दौरान किसी भी बड़े, अकेले या ऊंचे पेड़ के नीचे खड़े होने से बचना चाहिए। खुले मैदान में होने पर सुरक्षित भवन या पक्के आश्रय स्थल में जाना सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। यदि सुरक्षित स्थान उपलब्ध न हो तो लोगों को पेड़ों, बिजली के खंभों और धातु की वस्तुओं से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। कलगांव की यह त्रासदी केवल एक हादसा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सतर्क रहने का गंभीर संदेश भी है। बरसात के मौसम में थोड़ी सी सावधानी कई अनमोल जिंदगियों को बचा सकती है।*

### घटना की सूचना मिलते ही सक्रिय हुए विधायक उसेंडी

*कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी ने तत्काल जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से दूरभाष पर चर्चा कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने हादसे में मृत लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। इसके साथ ही प्रशासन से राहत एवं सहायता संबंधी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया।*

## सीएएफ जवान से एक लाख की ऑनलाइन ठगी, आरोपी को राजस्थान में दबोचा


सायबर टीम ने साइबर ठग को जेल के सलाखों में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साइबर अपराधियों के लिए अब कानून के शिकंजे से बच निकलना आसान नहीं रहा है। तकनीक का सहारा लेकर लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले एक ऑनलाइन ठग को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना लोहत्तर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता 37 वर्षीय शिवेन्द्र मिश्रा निवासी सहपुर जिला रीवा (मध्यप्रदेश), जो वर्तमान में सीएएफ कैम्प एडगुड, थाना लोहत्तर क्षेत्र में निवासरत हैं, ने थाना लोहत्तर में शिकायत दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने छलपूर्वक उनके बैंक खाते से 29 दिसंबर 2025 को एक लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। शिकायत के बाद प्रार्थी ने आरोपी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर राशि लौटाने का अनुरोध किया।

### आरोपी को पाली में दबोचा

*जांच के दौरान आरोपी की पहचान 23 वर्षीय सुनील जयपाल निवासी मेघवालों का बास, आरतिया, ढाबर कला, थाना रोहत, जिला पाली (राजस्थान) के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ओप्पो मोबाइल फोन और जियो सिम कार्ड बरामद कर जब्त किया गया।*

### न्यायिक रिमांड पर जेल गया

*विवेचना के दौरान आरोपी के खिलाफ धारा 66(डी) आईटी एक्ट एवं धारा 238 बीएनएस की धाराएं भी जोड़ी गईं। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को 11 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।*

## नए शिक्षा सत्र से पहले अंकसूची का इंतजार

**दुर्गुकोंदल।** नया शिक्षा सत्र 16 जून से शुरू होने वाला है, लेकिन पांचवीं और आठवीं कक्षा की केंद्रीकृत परीक्षा की अंकसूचियां अब तक स्कूलों तक नहीं पहुंची हैं। 30 अप्रैल को परिणाम घोषित होने के बावजूद अंकसूची नहीं मिलने से विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन की परेशानी बढ़ गई है। दूसरे विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले छात्र सबसे अधिक प्रभावित हैं। शिक्षा विभाग ने बताया कि अंकसूचियों की छपाई और वितरण कार्य जारी है तथा 30 जून से पहले सभी स्कूलों तक पहुंचा दी जाएंगी।

## विखं स्तरीय कृषक सलाहकार समिति की बैठक


**कांकेर।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय भानुप्रतापपुर में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रशिक्षण राज्य के बाहर एवं राज्य के अंदर, जिले के अंदर प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक भ्रमण विषयों पर चर्चा की गई। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2026-27 कृषि एवं संवर्गीय विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी, प्रदर्शन, खरीफ



फार्म स्कूल, किसान संगोष्ठी, खाद्य सुरक्षा समूह, कृषक अभिरूचि समूह एवं विकासखण्ड, जिला एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार पर चर्चा कर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित कर अनुमोदन लिया गया।

## मानसून पूर्व वर्षा से मिली गर्मी-उमस से राहत

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र दुर्गूकोंदल में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय होने से मौसम ने करवट ले ली है। तेज गर्मी और उमस के बीच बादल छाने, ठंडी हवाएं चलने तथा हल्की बूंदाबांदी से लोगों को राहत मिली है। तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ने पर किसान धान की नर्सरी और खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं।



मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में बारिश की संभावना जताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है।



अपने शहर-प्रदेश, देश-विदेश की पल-पल की हर खबर सबसे पहले, सबसे सटीक
www.haribhoomi.com
अब नए कलेवर में
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved
MAHESHWARI

## खबर संक्षेप

### सुरुज सम्मान से नवाजे गए स्थानीय कलाकार



**केशकाल।** प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे की जयंती के अवसर पर 12 जून को केशकाल के इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में सुरुज उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य कर बस्तर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वालो को सुरुज सम्मान 2026 प्रदान किया गया। सुरुज ट्रस्ट की दीप्ति ओग्रे ने सुरुज उत्सव के विषय में बताया की बिलासपुर, रायपुर संभाग के बाद इस वर्ष बस्तर संभाग के लोगों को सुरुज सम्मान देने को योजना बनी। सुरुज ट्रस्ट द्वारा सुरुज बाई खांडे के जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर हर साल हम कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसके माध्यम से भरथरी गायन का भी प्रचार कर रहे है ताकि भरथरी गायन विधा से लोग जुड़े और भरथरी गायन विधा फिर राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय तक पहुचे।

### नीट परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट के सुचारु, सुरक्षित एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के निष्पक्ष संचालन के लिए निर्धारित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा।

### कोंडागांव और दंतेवाड़ा के दो ईई से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल–जल योजनाओं में पानी नहीं मिलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कोंडागांव और दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दोनों अधिकारियों को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव के बेड़मा और दंतेवाड़ा के टेकनार गांव में ग्रामीणों ने नल–जल योजना से नियमित पानी नहीं मिलने की शिकायत की थी। शिकायत सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

# वन भूमि के कब्जाधारियों पर विभाग का चला डंडा, 3 झोपड़ियां जमींदोज

*वन भूमि पर अवैध कब्जे की बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ वन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। वनमंडल पूर्व भानुप्रतापपुर अंतर्गत बसंत नगर क्षेत्र में वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान में विभाग की टीम ने तीन अवैध झोपड़ियों को हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया कि वन संपदा और वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

वन विभाग के आला अफसरों को जानकारी मिली कि वन परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर के पीएफ क्रमांक 827 बसंत नगर क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से झोपड़ियां बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उच्च अधिकारियों ने जानकारी की पुष्टि होने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीन अतिक्रमित झोपड़ियों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों द्वारा वन क्षेत्र में निजी सामान रखकर भूमि पर कब्जा जमाने की कोशिश भी सामने आई। विभागीय अधिकारियों ने संबंधित लोगों को समझाइश देते हुए तत्काल अपना सामान हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण, कब्जा अथवा अतिक्रमण कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य वन भूमि, जैव विविधता एवं बहुमूल्य वन संपदा का संरक्षण सुनिश्चित करना है। लगातार बढ़ते अतिक्रमण से वन क्षेत्रों के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न होता है, जिसे रोकना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अभियान का नेतृत्व वन परिक्षेत्र अधिकारी चरण सिंह ठाकुर ने किया। उनके निर्देशन में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं कानून सम्मत तरीके से संपन्न हुई।

- *बसंत नगर में कार्रवाई से मचा हड़कंप, सामान हटाने जारी हुआ फरमान*
- *डीएफओ ऋषभ ने कहा- जंगल हमारी अमूल्य धरोहर, संरक्षण में सहयोग करें ग्रामीण*
- *वन संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता, अतिक्रमणकारियों के लिए जीरो टॉलरेंस नीति*
- *अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी रहेगा जारी, वन भूमि को हर हाल में बचाएंगे*





### होगी दंडात्मक कार्रवाई

*पूर्व वनमंडल के वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन ने कहा कि शिकायत मिलने पर अतिक्रमण पर कार्रवाई किया गया। उन्होने कहा कि वन केवल विभाग की नहीं, बल्कि पूरे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण में जनसहभागिता आवश्यक है। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा वन भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया, तो उसके विरुद्ध वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।*

## सफलता: विश्रामपुरी थाने स्टाफ ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ा

# पुलिस ने पांच लुटेरों को दबोचा वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना विश्रामपुरी क्षेत्र में धान एवं मक्का खरीदी केंद्र पर मारपीट और नकदी लूट की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की नेक्सन कार क्रमांक सीजी 27 के 2722 भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कौन्दकेरा निवासी प्रार्थी सकरू राम नाग ने 7 जून को थाना विश्रामपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम सलना आश्रित उड़ीदगांव बांध के पास धान एवं मक्का खरीदी केंद्र संचालित कर रहा था। इसी दौरान कार से पहुंचे पांच लोगों ने मुख्यमंत्री के पास शिकायत करने की बात को लेकर विवाद शुरू किया। उसके साथ मारपीट की और कथित रूप से 2 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

- धान खरीदी केंद्र में मारपीट कर नकदी लूटने का मामला

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पांचों आरोपियों से पूछताछ की, जिन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की नेक्सन कार सीजी 27 के 2722 को भी जब्त कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।



### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

*गिरफ्तार आरोपियों में ज्ञानदास कोर्राम, राघवेन्द्र उर्फ रमन कोर्राम, दौनूराम पटेल, फुलसिंग कोर्राम तथा रोहित राम पाण्डे शामिल हैं। सभी आरोपी विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम कौन्दकेरा के निवासी बताए गए हैं।*

### जांच टीम की रही अहम भूमिका

*पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस अधिकारियों और जवानों की सक्रियता से डकैती के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता मिली।*

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जिले के थाना बयानार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को शिकायत दर्ज होने के महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम चेरंग स्कूलपारा निवासी 33 वर्षीय महिला ने 10 जून को थाना बयानार पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गांव के ही दशमन नेताम के साथ उसका लंबे समय से परिचय था। शादी करने का वादा कर विश्वास में लिया। पीड़िता का आरोप है कि विवाह का आश्वासन देकर आरोपी ने कई वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह कई बार गर्भवती हुई और गर्भपात भी हुआ। हाल ही में 6 जून को आरोपी ने कथित रूप से अपने घर में उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अब विवाह करने से इनकार कर दिया। प्रकरण को लेकर गांव के सरपंच, पटेल और अन्य प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सामाजिक स्तर पर विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद पीड़िता ने कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाते हुए थाना बयानार में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दशमन नेताम को गांव से गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रेमनाथ बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# दो महीने से पुलिस को चकमा दे रहा 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

## मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के एक गांव से दबोचा

**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में दर्ज दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे आरोपी को विशेष पुलिस टीम ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के एक गांव से दबोच लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना भानुप्रतापपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी कैलाश नेताम उसका परिचित था। परिचय का लाभ उठाते हुए आरोपी ने लगभग दो वर्ष पूर्व अपनी आवश्यकता बताकर पीड़िता से दो किस्तों में कुल 1 लाख 50 हजार रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब आरोपी ने राशि वापस नहीं की और पीड़िता लगातार अपने पैसे की मांग करती रही, तब आरोपी का व्यवहार बदल गया। शिकायत के अनुसार आरोपी पीड़िता को मोबाइल फोन के माध्यम से प्रताड़ित करने लगा और अशोभनीय बातें करते हुए पैसे लौटाने के बदले उस पर संबंध बनाने का दबाव डालता था। रिपोर्ट में बताया गया कि 19 मार्च 2026 को दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे आरोपी पीड़िता के घर पहुंचा। वहां उसने परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए महिला को जबरन पकड़कर घर के पीछे स्थित बाड़ी की ओर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने किसी को जानकारी देने पर पीड़िता और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। डर और सामाजिक दबाव के कारण पीड़िता तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सकी। बाद में उसने 21 अप्रैल 2026 को थाना भानुप्रतापपुर पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 10 हजार को घोषित था इनाम

घटना के बाद आरोपी लगातार फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल रहा था। आरोपी के पता नहीं चलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई थी।

### आरोपी को भेजा गया जेल



भानुप्रतापपुर पुलिस को आरोपी मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम कामखेड़ा, थाना कोहका क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। ऐसी जानकारी मिलने पर जानकारी को तस्दीक करने के उपरांत पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय में प्रस्तुत कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामप्रसाद सिंह, सहायक उप निरीक्षक कलावती थापा, आरक्षक फत्तूराम उसेंडी, अजय मंडावी तथा दायलू कल्लो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बैंगलोर की शिक्षाविद् ने आधुनिक शिक्षण तकनीकों पर दिया प्रशिक्षण



**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन बैंगलोर की प्रसिद्ध शिक्षाविद् हीना दानी द्वारा किया गया। गतिविधि आधारित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। हीना दानी ने अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता के आधार पर शिक्षकों को बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों में नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे में शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल का भी बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर सकें। कार्यक्रम में शिक्षक की भूमिका, दायित्वों तथा विभिन्न कक्षाओं के अनुरूप शिक्षण शैली में आवश्यक बदलावों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को बताया गया कि अलग-अलग आयु वर्ग के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझते हुए शिक्षण कार्य करने से अधिगम के बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य रश्मि रजक का मार्गदर्शन रहा। प्रशिक्षण में विद्यालय के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लेकर अपने ज्ञान एवं कौशल को उन्नत किया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, शिक्षक दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मनीष बाखला, रविशंकर पटेल आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



## 100 प्रतिशत दिव्यांग को नहीं मिल रही सरकारी सुविधाएं

**पखांजुर।** जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत यशवंतनगर के ग्राम पीवी 59 में रहने वाली 13 वर्षीय कृष्णा दत्ता की जिंदगी जन्म से ही संघर्षों में बीत रहा है। कृष्णा 100 प्रतिशत दिव्यांग है। वह न तो चल सकती है, न बोल सकती है और न ही बैठ पाती है। परिवार का आरोप है कि पिछले 10 वर्षों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने के बावजूद आज तक बच्ची का दिव्यांग प्रमाण पत्र और राशन कार्ड नहीं बन पाया है। कृष्णा की मां अनुराधा दत्ता ने बताया कि उनकी बेटी जन्म से ही गंभीर रूप से दिव्यांग है।

बच्ची गूंगी है, सुन नहीं पाती और अपने शरीर का संचालन भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि परिवार लगातार शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहा है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। पिता अशुतोष दत्ता ने बताया कि कृष्णा को हर काम के लिए परिवार पर निर्भर रहना पड़ता है। उसे उठाना, नहलाना, खिलाना और दवाई देना तक परिवार के लोग ही करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्ची के इलाज और देखभाल में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का कहना है कि पहले बच्ची को राशन मिल रहा था।

# कांग्रेस का प्रदर्शन, नीट पेपर लीक और धान घोटाले की जांच की मांग

## प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार कोयलीबेड़ा को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कथित नीट पेपर लीक मामले, कोयलीबेड़ा में 1 करोड़ 93 लाख रुपए के धान घोटाले तथा किसानों के लिए खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और अटल चौक पहुंचकर पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर विभिन्न मामलों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार कोयलीबेड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीट पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच, कथित 1 करोड़ 93 लाख रुपए के धान घोटाले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### रैली निकालकर जमकर की नारेबाजी



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जिला युवा कांग्रेस महामंत्री शेष गजभिए, यशपाल कांगे, जनपद सदस्य विनोद उसेंडी, जिला महामंत्री श्रवण यादव, मंडल कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रेमलाल अनर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंह बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष सतीश कौशल, युवा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष प्रीतम नाग, निखिल पटेल, किनेश कौशल, विदेशु उसेंडी, पांडे राम, सलाम लाचूराम गोटा, अजन सिंह उइके, संदीप अचला, नोहर सिंह उसेंडी, देश नारायण, दिनेश, कुलदीप सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़ेकनेरा में 14 वर्षीय बालिकाओं का किया गया एचपीवी टीकाकरण



**कोण्डागांव।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम बड़ेकनेरा में 14 वर्ष आयु की पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। अभियान के दौरान बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाकर भविष्य में कैंसर और एचपीवी संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में लगाया गया एचपीवी टीका भविष्य में इस कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करने में प्रभावी साबित होता है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीकाकरण कार्यक्रम टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी, बीएमओ डॉ. हरेन्द्र बघेल एवं बीपीएम नीरज सोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान को सफल बनाने में रीता पटेल आरएचओ, पूजा सूर्यवंशी सीएचओ एवं दीप्ति नेताम आरएचओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार द्वारा संचालित इस विशेष अभियान की मॉनिटरिंग और रिकॉर्ड संधारण यू–विन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा रहा है।

## चम्मच दौड़, मटका फोड़, रस्साकशी और कुर्सी दौड़ खेल स्पर्धाएं हुईं

# माताओं ने दिखाया दम, जामपारा में मातृ शक्ति का उत्सव

*ग्राम जामपारा में आंगनबाड़ी के 6 वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों की माताओं के लिए उत्साहपूर्ण खेल प्रतियोगिता का प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित हमारा गांव कार्यक्रम तथा ग्राम की कोर समिति के आर्थिक सहयोग से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागी माताओं का स्वागत किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य माताओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा समुदाय में सहयोग और सहभागिता की भावना को मजबूत बनाना था। प्रतियोगिता के अंतर्गत चम्मच दौड़, मटका फोड़, रस्साकशी और कुर्सी दौड़ जैसे रोचक एवं मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। सभी माताओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम का माहौल आनंदमय और प्रेरणादायक बना रहा। खेलों के दौरान माताओं के बीच आपसी सहयोग, एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी देखने को मिली। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों के उत्साह और सहभागिता की सराहना की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को ग्राम की कोर समिति की ओर से कॉपी, पेन और रंग सामग्री पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने माताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि समुदाय की सक्रिय भागीदारी बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह आयोजन माताओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामुदायिक एकजुटता का भी उत्कृष्ट उदाहरण बना। माताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल, प्रेरणादायक और यादगार बना दिया।



### इन्होंने निभाई सहभागिता

*इस अवसर पर योगेश्वर साहू, संतोष दुबे, भुनेश्वर, उपनन्द यादव, बिरसू, धनराज कोसमा, शकुन चुरेंद्र एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सीता कुरैशी, ब्लॉक समन्वयक पंकज पटेल, एससीटीए विकास गुप्ता, कार्यकर्ता गुलाब कुमार सेन एवं रश्मि साहू ने भी सहभागिता निभाई।*

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता अभियान के तहत गांव गांव पहुंच रही युवोदय टीम



**दंतेवाड़ा।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 20 मई से 15 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से उन परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिनके घरों में अभी तक शौचालय उपलब्ध नहीं है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर शौचालय नहीं होने से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, स्वच्छता के लाभ तथा शौचालय के नियमित उपयोग के महत्व के बारे में ग्रामीणों को समझा रही हैं।

### संतोष कश्यप को सर्वश्रेष्ठ रेशम उत्पादक का मिला पुरस्कार

**बीजापुर।** केन्द्रीय रेशम बोर्ड अंतर्गत क्षेत्रीय रेशम उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर द्वारा शासकीय कोसा बीज केंद्र नैमेड़ में 10 जून से 11 जून तक दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेशम उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों एवं उन्नत प्रबंधन पद्धतियों का प्रदर्शन केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। वैज्ञानिकों ने हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण कोसा उत्पादन, रोग प्रबंधन, आधुनिक पालन तकनीकों तथा उत्पादन वृद्धि के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विगत रेशम फसल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संतोष कश्यप सहित अन्य हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया।

# स्पंज आयरन के विरोध में विशाल रैली और जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं सर्व समाज के नेतृत्व में आज चपका क्षेत्र की 22 पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के ग्रामीणों, किसानों एवं युवाओं ने गोपाल स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड

■ **समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा**

के विरोध में विशाल रैली एवं जुलूस निकालकर एसडीएम को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली में शामिल किसानों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को उठाया। ज्ञापन में किसानों को समय पर

**22 पंचायतों के लोगों ने एसडीएम को सौंपा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**







खाद-बीज उपलब्ध कराने और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण और जर्किन डब्बे में पेट्रोल डीजल किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिले इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की गई।

वक्ताओं ने कहा कि किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। खेती-किसानी की लागत लगातार बढ़ रही है। जबकि किसानों को आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों और किसानों की भूमि पर बढ़ते खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की गई। इस आंदोलन के माध्यम से शासन-प्रशासन को किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया गया तथा मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप, संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगतू राम कश्यप, उपाध्यक्ष बलिराम पुजारी, जयंत राम साहू, शुभम सिंग सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुकमा के जिला अध्यक्ष सुनील सोढ़ी, उपाध्यक्ष रमेश कश्यप सहित अन्य जिलों से आए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने किसानों के संघर्ष के मजबूती प्रदान की।

### वातानुकूलित वाहन नहीं बल्कि मोटरसाइकिल से कर रहे हैं बीहड़ का भ्रमण

# विकास की रोशनी पहुंचाने जिला प्रशासन धरातल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राशन दुकान का निर्माण कार्य पूरा होते ही अगले महीने से गांव में ही खाद्यान्न भंडारण की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को राशन के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर एसडीएम सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले के दूरस्थ और संवेदनशील इलाकों में विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर अमित कुमार और जिला

■ **कलेक्टर ने महिलाओं को किया केवायसी पूर्ण करने प्रेरित**

पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने गुरुवार को उबड़ खाबड़ रास्तों से होते हुए नदी नालों को पारकर पहुंचविहीन और अंदरूनी क्षेत्र मोरपल्ली का दौरा किया। इन दिनों कलेक्टर व सीइओ वातानुकूलित वाहन के बजाय भरी दुपहरी में मोटरसाइकिल से कठिन रास्ता तय कर गांव पहुंचकर यह संदेश दिया कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को समझने और समाधान के लिए उनके द्वार तक पहुंचने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को अपने बीच देखकर ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखने को मिला।





#### आत्मीय संबंध बना दिल जीतने का जरिया

मोरपल्ली में कलेक्टर और सीईओ ने ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद कर राशन, पेयजल, बिजली, आंगनबाड़ी और टेक होम राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राशन दुकान का निर्माण कार्य पूरा होते ही अगले महीने से गांव में ही खाद्यान्न भंडारण की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को राशन के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों से भी आत्मीय संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

#### पहुंच विहीन ग्रामों में सौगातों की बौछार

सुकमा के अंदरूनी और पहुंचविहीन गांवों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोनागुड़ा और बंदा-मोरपल्ली में नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत करने, मोरपल्ली ग्राम पंचायत में बोर खनन कराने, खराब पड़े सोलर संयंत्रों की मरम्मत, तालाब गहरीकरण तथा एक वर्ष से लंबित ग्राम पटेल के मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ देने नए सीएससी सेंटर खोलने के निर्देश दिए। सुरपनगुड़ा गांव में प्रत्येक शुक्रवार साप्ताहिक बाजार शुरू कराने तथा पेद्दाबोडकेल में पूर्ण हो चुके पीडीएस भवन से अगले माह से खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मिनपा उप स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्री वॉल निर्माण कराने को भी प्राथमिकता में शामिल किया गया।

#### जब ग्रामीण हुए मुरीद खुलकर की मन की बात

प्रशासनिक अमला पेद्दाबोड़केल और सुरपनगुड़ा गांव पहुंचा, जहां कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों के बीच बैठकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी आवश्यकताएं और सुझाव प्रशासन के सामने रखे, जिन पर अधिकारियों ने संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

#### जनसेवा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता

दौरे के दौरान महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई। कलेक्टर ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही ग्रामीणों को वोटर आईडी और आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए जागरूक किया गया। प्रशासन का यह जमीनी दौरा केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों और शासन के बीच भरोसे की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरा, जिसने दूरस्थ अंचलों में विकास और जनसेवा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता को भी रेखांकित किया।

### माओवाद के साए से विकास की राह पर बोडगा



**बीजापुर।** कभी माओवाद का गढ़ माने जाने वाले ग्राम पंचायत ईतामपार के आश्रित ग्राम बोड़गा में विकास की नई उम्मीद लेकर 11 जून को जिले के कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित प्रशासनिक अधिकारियों का दल पहुंचा। इस दौरान एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ ने भी ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं को जाना।

गांव में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सैचुरेशन कार्यों की समीक्षा की। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा था। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।

कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का युवा मोर्चा ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

मां सोनदाई की पावन भूमि, ऐतिहासिक नगरी बारसूर नगर आगमन पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोशीला व आत्मीय स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं युवा मोर्चा जिंदाबाद के जयघोष के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बत्तीसा मंदिर में दर्शन किया, पूजा अर्चना कर प्रदेश



की सुख-समृद्धि की कामना की तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। सभी ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, निश्चित ही उनका मार्गदर्शन संगठन को और मजबूत बनाने की प्रेरणा देगा।

इस दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मरकाम, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष कीर्ति पाढ़ी, जिला मंत्री भुनेश्वर भारद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष बारसूर बैसू मंडावी, पूर्व जिला मंत्री जसवीर नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी, जिला महामंत्री द्वय कामो कुंजाम, निखिल नाग, बद्रीनाथ पुजारी, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश नाग, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बारसूर सुनील नाग, हेम कुमार पांडेय, मंडल महामंत्री ऋषित राव, राहुल सोनवानी, सुनील अटामी, जनपद सदस्य मुन्ना सरपंच रमेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सूरज ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह,जिला मंत्री हितेश सिन्हा,गौरव भवानी एवं समस्त भाजपा एवं मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सल मुक्त बीजापुर विकास की मिसाल बनेगाः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे लंबे समय तक माओवाद प्रभावित रहे जिले में अब विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण बना है और केन्द्र तथा राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को



आपसी समन्वय के साथ धरातल तक पहुंचाना सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिला कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद तेजी से विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहा है। अब यह जिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए नई पहचान बना रहा है। सांसद ने कहा कि बस्तर में पर्यटन की संभावनाएं भी तेजी से उभर रही हैं और माओवाद के समूल उन्मूलन के बाद विकास की गति और अधिक तेज होगी।

# झीरम बंजारीन माता मंदिर में विधायक ने करवाया भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी में वन दुर्गा बंजारीन माता मंदिर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भण्डारे का आयोजन किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली के लिये वन दुर्गा से प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक के साथ दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, मुन्नू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, बाबुल नाग, अंशु चौहान, साधु यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। विधायक खुद लोगों के बीच मौजूद रहे और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकजुटता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 साल देश के विकास और बदलाव के साल रहे हैं। केंद्र सरकार ने गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के हित में लगातार काम किया है। उन्होंने कहा कि देश ने सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं, आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को मिलकर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। सरकार की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

# समर कैम्प का 1300 बच्चों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी ने अपने सीएसआर पहलों के तहत वोस्का के सहयोग से 20 मई से 12 जून तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में समर कैंप आयोजित किए। इन शिविरों से लगभग 1300 बच्चों को लाभ मिला, जिसमें बुनियादी शिक्षा, पढ़ने, खेल, कला और शिल्प आर्ट एंड क्राफ्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित गतिविधियां शामिल थीं।

इन समर कैंपों के समापन के उपलक्ष्य में 12 जून को मंगल भवन एनएमडीसी बचेली में एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, टी. शिवा कुमार मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन बचेली कॉम्प्लेक्स, महेश एस



नायर, महाप्रबंधक मानव संसाधन बचेली कॉम्प्लेक्स और सौरभ कुमार उप-महाप्रबंधक मानव संसाधन बचेली कॉम्प्लेक्स उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में एनएमडीसी के बचेली और किरंदुल परियोजना के अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, विभिन्न गांवों के सरपंच, समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने समर कैंप के दौरान बनाई गई अपनी कलाकृतियों, शिल्पों और सीखे गए कौशल का प्रदर्शन किया। जयंत नाहटा और एनएमडीसी के अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की, उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें शिविरों के दौरान सीखी गई बातों को अपनी नियमित स्कूली शिक्षा में आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद गणमान्य अतिथियों ने केंद्रीय विद्यालय मैदान का दौरा किया, जहां बच्चों ने टीम-आधारित फ्रिसबी प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए जयंत नाहटा ने एनएमडीसी की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित होंगे।


# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के 35 छात्रों ने पास की परीक्षा

**गीदम।** शिक्षा और विकास के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके प्रतिष्ठित संस्थान एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के छात्रों ने इतिहास रच दिया है। संस्थान के 35 होनहार छात्रों ने देश की दिग्गज नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड की कठिन एल-4 स्तर की परीक्षा को पास कर लिया है। इस सफलता से न केवल कॉलेज प्रशासन बल्कि पूरे बस्तर संभाग में हर्ष का माहौल है। पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पित है। कॉलेज प्रशासन केवल किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनके तकनीकी कौशल को निखारने पर विशेष ध्यान देता है।

## शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सफल संचालन एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीश गौतम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे। बैठक में 16 जून से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले की सभी शालाओं, आश्रमों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शाला प्रवेश उत्सव को जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक आयोजित करने तथा शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालयों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग भूपाली को मिली व्हीलचेयर, चेहरे पर लौटी मुस्कान

**कांकेर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में 95 प्रतिशत दिव्यांगता से ग्रसित 15 वर्षीय भूपाली को विभाग द्वारा व्हीलचेयर प्रदान की गई। जानकारी के अनुसार भूपाली जन्म से चलने-फिरने में असमर्थ है तथा उनकी लंबाई अपेक्षाकृत कम होने के कारण दैनिक कार्यों में भी उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनकी आवश्यकता को देखते हुए विभाग व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और साथ ही उनका यूडीआईडी पंजीयन कराया गया तथा पात्रता अनुसार दिव्यांग पेंशन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। इसी प्रकार 80 वर्षीय गयाबाई ताम्रकार जिन्हें सुनने में परेशानी हो रही थी, उन्हें तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने से उन्हें संवाद स्थापित करने एवं दैनिक गतिविधियों में काफी सहायता मिलेगी।

### विवेचना के बाद आरोपी पर मामला किया दर्ज

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम चांवडी निवासी 74 वर्षीय पनकू राम मंडावी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि 22 नवंबर 2025 को वह साइकिल से खेत जा रहे थे, तभी नदियापारा चांवडी नाला के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल पनकू राम को उपचार के लिए चारामा और बाद में धमतरी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मानसून से पहले गांवों में खपरैल छाने लगे ग्रामीण



**दुर्गुकोंदल।** मानसून की दस्तक से पहले ग्रामीण इलाकों में खपरैल छाने और पुराने मकानों की मरम्मत का काम तेज हो गया है। सालभर आंधी-तूफान और तेज हवाओं से टूटी-फूटी खपरैलों को बदला जा रहा है, ताकि बरसात में घरों की छत न टपके। गांवों में सुबह से लेकर शाम तक खपरैल मिस्त्री और मजदूर छतों पर जुटे हैं। पुरानी खपरैल उतारकर नई लगाई जा रही है, टूटी कड़ियां बदली जा रही हैं। लोगों की कोशिश है कि पहली बारिश से पहले घर पक्के हो जाएं, वरना बरसात में बूंद टपकने से घर का सारा सामान खराब हो जाता है। एक समय था जब खपरैल वाले मकान शहर और गांव दोनों की पहचान थे, लेकिन बदलते समय और सीमेंट-कंक्रीट, लेंटर की आधुनिक तकनीक ने शहरों से इन मकानों को लगभग खत्म कर दिया। अब खपरैल वाले घर मुख्य रूप से गांवों में ही दिखते हैं। ग्रामीण इलाकों में भी अब नए मकान ज्यादातर मकान सीमेंट-कंक्रीट और लेंटर वाले बन रहे हैं। फिर भी कई परिवार अपने पूर्वजों की विरासत और पारंपरिक जीवनशैली को बचाए रखने के लिए खपरैल वाले घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। ठंडी छत, प्राकृतिक इन्सुलेशन और कम लागत इन घरों की खासियत है।

**टपकती छतों की हो रही मरम्मत**

**पुरखों को निशानी को छोड़ने का मन नहीं:** गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि खपरैल की छत गर्मी में ठंडी और सर्दी में गर्म रहती है। बिजली भी कम लगती है। हालांकि हर साल मरम्मत का खर्च आता है, लेकिन पुरखों की निशानी छोड़ने का मन नहीं करता। मानसून शुरू होते ही इन मरम्मतों का असर दिखेगा। टपकती छतें बंद होंगी और ग्रामीण घर फिर से बरसात के लिए तैयार हो जाएंगे।

# बरसात में भी नहीं थमा रेत का अवैध कारोबार, सात ट्रैक्टरों पर गिरी गाज

*एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद नदियों से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। बड़गांव क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर धड़ल्ले से रेत की ढुलाई किए जाने की शिकायतों के बीच खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध परिवहन में लगे 07 ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। बरसात के मौसम में पर्यावरण संरक्षण के लिए लागू प्रतिबंध के बावजूद हो रहे इस अवैध कारोबार पर विभाग की कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार, एनजीटी के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से रेत उत्खनन तथा नदी से रेत परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इस अवधि में किसी भी प्रकार की रेत निकासी या परिवहन नियम विरुद्ध माना जाता है। इसके बावजूद बड़गांव क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा नदी से रेत निकालकर उसका अवैध परिवहन किए जाने की सूचना खनिज विभाग को लगातार प्राप्त हो रही थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग की टीम ने क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने विभिन्न मार्गों पर निगरानी रखी और रेत परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की। इस दौरान 10 ट्रैक्टर ऐसे पाए गए जो बिना वैध अनुमति के नदी क्षेत्र से रेत का परिवहन कर रहे थे। खनिज विभाग के अधिकारियों ने मौके पर ही सभी वाहनों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।

**जब्त सभी ट्रैक्टर सोल्ड**

- *एनजीटी के आदेशों की उड़ रहे थे धज्जियां, शिकायत मिलते ही हरकत में आया विभाग*
- *कांकेर शहर में सुबह 5 बजे से खेल हो जाता है शुरू, अफसर बेखबर*



### खनिज टीम ने 07 ट्रैक्टर पर किया कार्रवाई

*पकड़े गए ट्रैक्टर में ट्रैक्टर सोल्ड 575 वाहन चालक गन्सुराम सलाम पिता मनकर सलाम ग्राम कोसपरा, ट्रैक्टर सोल्ड 475 वाहन चालक हरादन पाठक पिता पोरबास पाठक पीवी 3 पखांजूर, ट्रैक्टर सोल्ड 575 वाहन चालक जगन्नाथ रविदास पिता सुकलाल रविदास छोटे कापसी, ट्रैक्टर सोल्ड 575 वाहन चालक अनुरूद्ध जैन पिता कचरू जैन बड़ागांव, ट्रैक्टर सोल्ड 441 वाहन चालक सत्तर कोराम पिता सुकलूराम बड़गांव, ट्रैक्टर सोल्ड यूरो वाहन चालक भोजराज साहू पिता सावंत राम साहू बड़गांव, ट्रैक्टर सोल्ड 5105 वाहन चालक प्रकाश पिता दुर्जन सिह बड़गांव पर कार्रवाई हुई है।*

### टीम कर रही निगरानी होगी सख्त कार्रवाई

*जिला खनिज अधिकारी सनत साहू ने बताया कि एनजीटी के प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध उत्खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध उत्खनन या परिवहन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।*

## सरपंच ने आरोपों को नकारा, कहा- अधिकारियों की निगरानी में हुआ कार्य

# 16.18 लाख की पुलिया पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने लगाया घटिया निर्माण-भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

*विकासखंड चारामा के ग्राम किलेपार में लाखों रुपये की लागत से निर्मित पुलिया अब विवादों के केंद्र में आ गई है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पुल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, तकनीकी मानकों के उल्लंघन तथा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। करीब 16 लाख 18 हजार की लागत से बने इस पुल को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। इसकी निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है।*

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में शुरुआत से ही गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। उनका कहना है कि पुल की सतह और किनारों पर कई स्थानों पर मिट्टी की जालियां दिखाई दे रही हैं, जिससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पुल निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है तथा मजबूती के लिए आवश्यक सरिया का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि पुल के कई हिस्सों में आज भी रेत से भरी सीमेंट की बोरियां दिखाई दे रही हैं। उनका आरोप है कि इन बोरियों का उपयोग निर्माण कार्य में किया गया, जिससे पुल की मजबूती प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा निर्माण पूरा होने के बाद भी कई स्थानों पर शटरिंग और प्लाई लगी होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर संदेह बढ़ गया है। मामले की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा और जनपद सदस्य रेणुका सिंह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं और पुल का निरीक्षण किया। जनप्रतिनिधियों ने प्रथम दृष्टया निर्माण कार्य में अनियमितताएं होने की आशंका जताई। उनका कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण अधूरा दिखाई देता है और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। जनपद सदस्य ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में सीमेंट और सरिया का उपयोग मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर दरारें भी दिखाई दे रही हैं, जिससे भविष्य में पुल की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो सकते हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों ने सरपंच, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने की मांग की है।






### सरपंच ने आरोपो को किया खारिज

*किलेपार ग्राम सरपंच महीना ध्रुव ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि निर्माण कार्य विभागीय इंजीनियरों और अधिकारियों के मार्गदर्शन में कराया गया है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया था। सरपंच के अनुसार यह कार्य आचार संहिता के कारण कुछ समय के लिए रुका था और बाद में पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं कोई तकनीकी कमी पाई जाती है तो संबंधित स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।*

## साइबर क्राइम से छात्राएं रहें सावधान 73 ने किया अभिव्यक्त एप डाउनलोड

### महिला रक्षा टीम ने छात्रावास में किया शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस शिविर में मुख्य रूप से छात्राओं को महिला संबंधी कानूनों, साइबर अपराध और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला रक्षा टीम के सदस्यों द्वारा छात्रावास की छात्राओं को कानून सम्मत अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम ने मानव तस्करी, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न संबंधी अपराधों पर खुलकर बात की। इसके साथ ही, वर्तमान डिजिटल युग में सोशल मीडिया का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी छात्राओं को विस्तार से समझाया गया। महिला रक्षा टीम ने छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में लगातार तेजी आई है। ऐसे में किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध कॉल, अनजान व्यक्ति से ओटीपी साझा करने अथवा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि से हमेशा सतर्क और दूर रहना बेहद आवश्यक है। टीम ने बल देकर कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या परेशानी होने पर घबराने के बजाय तत्काल पुलिस की सहायता लें। शारीरिक और डिजिटल सुरक्षा के साथ-साथ त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने के लिए छात्राओं को छत्तीसगढ़ पुलिस के अभिव्यक्ति एप की उपयोगिता और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में डेमो देकर समझाया गया। एप के महत्व को समझते हुए मौके पर ही 73 छात्राओं ने अपने मोबाइल में अभिव्यक्ति एप डाउनलोड किया और इस सुरक्षा अभियान से जुड़ने की पहल की।

## टूटी सीट व गंदगी से भरा बसस्टैंड का सुलभ शौचालय, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए सार्वजनिक शौचालय यदि खुद परेशानी का कारण बन जाएं, तो यह व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 स्थित बस स्टैंड के समीप बने सुलभ शौचालय की स्थिति इन दिनों बदहाल बनी हुई है। हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस प्रमुख स्थान पर स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का अभाव लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

बस स्टैंड में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री पहुंचते हैं, लेकिन सार्वजनिक शौचालय के भीतर फैली गंदगी, टूटे टॉयलेट सीट, खराब दरवाजे और बंद पड़ी बिजली व्यवस्था इसकी दुर्दशा की कहानी बयां कर रहे हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से शौचालय में बदबू का माहौल बना रहता है, जिससे लोग इसका उपयोग करने से बचते नजर आते हैं। यात्रियों के अनुसार बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और महिलाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। आमतौर पर सार्वजनिक शौचालयों में वेस्टर्न सीट की व्यवस्था की जाती है, लेकिन यहां लगी वेस्टर्न सीट भी टूटी हुई पड़ी है। इससे उन लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है जिन्हें भारतीय शैली के शौचालय का उपयोग करने में कठिनाई होती है। शौचालय परिसर में रोशनी की भी गंभीर समस्या है। कई लाइटें खराब और टूटी हुई हैं, जिससे शाम और रात के समय आने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण बन जाती है। इधर शौचालय में शुल्क वसूली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उपयोगकर्ताओं से 5 और 10 रुपये तक लिए जाते हैं।



फाईल फोटो

### जानकारी मिली है, जल्द सुधार किया जाएगा

नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने कहा कि उन्हें हाल ही में इस समस्या की जानकारी मिली है। संबंधित संस्था और जिम्मेदार व्यक्तियों से चर्चा कर जल्द ही साफ-सफाई, मरम्मत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर यात्रियों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

## भूमि सीमांकन विवाद में जातिसूचक गाली-गलौज और मारपीट का आरोप

**कांकेर।** भूमि सीमांकन के दौरान हुए विवाद में एक आदिवासी युवक के साथ जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर अजाक थाना कांकेर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शिकायत करने पहुंचे ग्राम भीरावाही निवासी कमलेश नेताम पिता दयालूराम नेताम ने पुलिस को बताया कि नाम से भूमि ग्राम भीरावाही (खपरापारा) तहसील में स्थित है, जिसका सीमांकन राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी द्वारा किया गया। सीमांकन अनुसार चिन्हाकन के लिए अपनी भूमि पर खूटा गाड़ रहा था। उसी दौरान उत्तर जैन (उत्तम जैन) पिता तुलसीराम जैन व उसके साथ जीवन राम जैन राकेश सिन्हा द्वारा गाड़ा हुआ खुटा को उखाड़ कर फेंक दिया गया। उसका विरोध करने पर उत्तर जैन (उत्तम जैन) व उनके साथियों के द्वारा जाति सूचक गाली गलौज करते हुए कहने लगे कि क्या उखाड़ लोगे। ऐसा कहकर धक्का मुक्की कर मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ के ऊंगली पास चोट लगा है और गले को दबाने के कारण गला दर्ज हो रहा है। आरोपियों ने आदिवासी गोड़ हो तो क्या उखाड़ लोगे कहकर जान से मारने की धमकी दिया और बीजेपी का नेता हूं मेरा क्या उखाड़ लोगे, आदिवासी गोड़ बोल के जाति सूचक गाली दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी उत्तर जैन, जीवन राम जैन और राकेश सिन्हा के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



3 के खिलाफ मामला दर्ज

**दुधावा चौकी क्षेत्र में हुआ बड़ा हादसा**

## हाइवा की टक्कर से महिला की मौत, बच्चा समेत दो लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

दुधावा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत साल्हेटोला के पास शुक्रवार 12 जून को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार भीमाडीह गांव निवासी प्रभू वट्टी अपने परिवार के सदस्यों कुमारी वट्टी, त्रिशा वट्टी और सुखबत्ती वट्टी के साथ मोटरसाइकिल से बाजार की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वे साल्हेटोला के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में सुखबत्ती वट्टी को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्चा और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को आसपास मौजूद लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही दुधावा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही दुर्घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद हाईवा वाहन चालक मौके से फरार नहीं हुआ। वह घटनास्थल पर ही मौजूद रहा और पुलिस के पहुंचने तक रुका रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने, भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने और नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है।






## कांकेर की राजनीति के मजबूत स्तंभ थे ठाकुर : राजेश

# जिला कांग्रेस कमेटी ने शांति सभा में दी जितेंद्र को श्रद्धांजलि

*जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर की पुण्य स्मृति में राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं शांति सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर स्व. जितेंद्र को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं जनसेवा को स्मरण किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जनक नंदन कश्यप सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेसजन ने स्व. जितेंद्र सिंह ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। सभा के दौरान उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि स्व. जितेंद्र सिंह ठाकुर कांकेर की राजनीति के ऐसे मजबूत और प्रभावशाली स्तंभ थे, जिनकी कार्यशैली, जनसंपर्क और लोकप्रियता को चुनौती देना विपक्ष के लिए भी आसान नहीं था। उन्होंने कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि जन-जन के नेता थे, जिन्होंने अपने सरल स्वभाव, कार्यकुशलता और जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच विशेष पहचान बनाई थी। उन्होंने कहा कि स्व. जितेंद्र का संबंध समाज के प्रत्येक वर्ग से था। गरीब, किसान, युवा, वरिष्ठ नागरिक, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग उनसे आत्मीयता का अनुभव करते थे। वे हर व्यक्ति की समस्या को अपनी समस्या समझकर उसके समाधान के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करते थे। यही कारण था कि वे लोगों के दिलों में विशेष स्थान रखते थे। स्व. जितेंद्र सिंह ठाकुर ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, जिनके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं माना जाता था। किसी भी व्यक्ति की समस्या उनके सामने रखी जाती तो वे उसे गंभीरता से लेते और उसके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करते थे।



कार्यकुशलता और जनसेवा के माध्यम से समाज के हर वर्ग में बनाई पहचान

### सामाजिक योगदान को किया याद

*सभा में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी स्व. जितेंद्र सिंह ठाकुर के सामाजिक, राजनीतिक एवं मानवीय योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन कांग्रेस परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे कांकेर जिले के लिए अपूरणीय क्षति है।*

### सार्वजनिक शराबखोरी 1 ग्रामीण पकड़ाया

**कांकेर।** चारामा थानांर्गत मण्डी प्रांगण चारामा के पास शराब का सेवन करते हुए चारभाठा निवासी 51 वर्षीय घनराम मंडावी को पुलिस ने 11 जून को धर दबोचा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब का सेवन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज